एक नजर में

कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जप्तशुदा विद्युत मोटर नियो कंपनी की पीले रंग की 0 हार्स पावर विद्युत मोटर मय, 05 फिट सफेद नली मय रिफेल मय सिस्टम, 02 नग एचपी कंपनी के भरे गैस सिलेण्डर, 09 नग खाली गैस सिलेण्डर को राजसात करने के प्रस्ताव प्राप्त हुआ हैं. इसी के अंतर्गत 10 अक्टूबर को संजय पिता रतन लाल राठौर निवासी ग्राम गोघटपुरा तहसील जीरापुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अपना लिखित उत्तर 16 दिसम्बर सायं 3 बजे तक समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए.

कलेक्टर ने किया कार्य विभाजन

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की अनुउपलब्धता होने के फलस्वरूप आगामी वैकल्पिक व्यवस्था तक जिले में पदस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों एवं नायब तहसीलदारों/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के मध्य कार्य विभाजन गया हैं. जिसमें नायब तहसीलदार को सौंपे गए कार्य क्षेत्र अंतर्गत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के सम्पूर्ण दायित्व का निर्वाहन करेगें. जिनमें नायब तहसीलदार श्रीमती अनाग्रिका कन्नौजिया को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विकासखण्ड नरसिंहगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया हैं. इसी प्रकार नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रामप्रताप सिंह गौड़ को विकासखण्ड जीरापुर का प्रभार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमति स्वाति वाईकर को विकासखण्ड खिलचीपुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमति अस्मिता गुप्ता को विकासखण्ड राजगढ़, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जितेन्द्र जमरा को विकासखण्ड ब्यावरा एवं नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान को विकासखण्ड सारंगपुर की नवीन पदस्थापना की गई है .समस्त अधिकारी उक्त कार्यक्षेत्र अंतर्गत शासन से प्रतिमाह जारी होने वाले समस्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के ऑनलाईन आवंटन के उठाव, समस्त पात्र परिवारों में ऑनलाईन पी.ओ.एस. मशीन से शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में प्रति माह वितरण तथा प्राप्त शिकायतों की जांच आदि समस्त कार्य नियमानुसार संपादित करेंगें तथा किए गए कार्य एवं जांच प्रतिवेदन से संबंधित अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी एवं कार्यालय को निरंतर अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे.

बेकसूर युवक ने कोर्ट कार्यवाही में बिताए दो साल

सारंगपुर 08 दिसम्बर, सं. अपर सत्र न्यायालय सारंगपुर में प्रचलित एक सत्र प्रकरण में अपराध अंतर्गत धारा 450, 376 व 506 (भाग-2) के तहत आरोपित युवक को साक्ष्य के अभाव में निर्दोष करार दिया गया. यह मामला दो वर्ष पूर्व का था, जिसमें आरोपी पर गंभीर आरोप लगाए गए थे. प्रकरण में अभियोजन पक्ष ने आरोपी पर घर में जबरदस्ती घुसकर बलात्कार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था. बचाव पक्ष आरोपी की ओर से युवा अधिवक्ता कुशल शर्मा ने पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत किए कि अभियोजन पक्ष उचित साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहा है व मामले को संदेह से परे साबित नहीं कर पाया है तथा साक्षियों के बयान में अनेक विरोधाभास हैं, पीड़िता के बयानों में भी गंभीर विरोधाभास हैं तथा चिकित्सीय एवं अन्य साक्ष्य आरोपों की पुष्टि नहीं करते. युवा अधिवक्ता कुशल शर्मा की प्रभावशाली जिरह और कानूनी तथ्यों के विश्लेषण के पश्चात न्यायालय ने माना कि प्रस्तुत साक्ष्य दोष सिद्धि के लिए पर्याप्त नहीं हैं.

शुल्क देने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी

मामला-ग्राम पंचायत गादयाकला, कुंडलिया परियोजना का शुल्क जमा कर चुके किसान

करोड़ों की परियोजना नहीं दे पा रही उचित लाभ

फसल सूख रही, परेशान हो रहे किसान

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 08 दिसम्बर, सं. शासन द्वारा जिले में कुंडलिया एवं मोहनपुरा डेम जल परियोजना का क्रियान्वन किया गया,ताकि आसपास क्षेत्र की भूमि सिंचित हो सके. इसके बदले किसानों के द्वारा एक निर्धारित शुल्क राशि जमा की जाती है किंतु कई जगह शुल्क राशि जमा करने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है, ऐसा ही मामला खिलचीपुर तहसील के ग्राम गादयाकला में सामने आया है. यहां शुल्क जमा करने के बाद भी पानी नहीं मिलने से फसलें सूखने की कगार पर है.

डेम परियोजना द्वारा आसपास क्षेत्र में भूमि सिंचित करने हेतु निर्धारित शुल्क रखा गया है जो प्रति हेक्टेयर पानी देने के बदले जमा कराया जाता है और किसान अपने खेत में सिंचाई कर सकते है. परन्तु गादयाकला में किसानों ने लगभग 1 महीने पहले शुल्क रसीद कटा ली. खेत में फसल की बोवनी कर दी है, लेकिन कुंडलिया परियोजना की लाइन में टूटफूट होने से खेतों में आज दिनांक तक पानी नहीं पहुंचा है, फसल सूख रही है.

पानी के अभाव में सूखने लगी फसलें

किसानों का कहना है कि उनके द्वारा नियमानुसार रसीद कटवा ली गई किंतु अभी तक पानी नहीं मिला है, फसलें सूख रही है. किसान प्रभुलाल , रूप सिंह वर्मा, रतन सोंधिया, चंदरसिंह राव, भगवान सिंह, कंवरलाल वर्मा, बद्री लाल सैनी आदि का कहना है कि हमारी फसल सूख चली है. कुंडलिया डेम परियोजना से हमें अभी तक पानी नहीं मिला है, जबकि हम सभी किसानों ने 1 महीने पहले रसीद बनवा ली है. हमारे द्वारा इस मामले से जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विभाग के अधिकारियों को अवगत करा चुके है, लगातार समस्या बता रहे है किंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. बताया जाता है कि बीच में किन्हीं लोगों द्वारा कुछ जगह पर लाइन फोड़ दी है जिससे खेतों में पानी नहीं आ पा रहा है.

एक दो दिन में मिलेगा किसानों को पानी

गादयाभैर के यहां कुछ जगह लाईन फोड़ दी है, रिपेयर कराकर 109 नम्बर बाक्स को चालू कर दिया जाएगा. एक-दो दिन में किसानों को पानी मिलने लगेगा.

देवेंद्र विजयवर्गीय
प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
कुंडलिया परियोजना

किन्हीं लोगों द्वारा लाईन फोड़ दी गई है, इस मामले में एफआईआर कराई गई है. लाइन को दुरस्त कर पानी की सप्लाई बहाल कर दी जाएगी.

सुमित मालिक
एसडीओ कुंडालिया
परियोजना

स्मार्ट मीटर का विरोध, बिजली घर पहुंचे उपभोक्ता

नवभारत न्यूज

कुरावर/ब्यावरा 08 दिसम्बर, सं. विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थानों पर स्मॉर्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है किंतु अधिकांश जगह स्मॉर्ट मीटर लगाने का विरोध होना सामने आया है. अब कुरावर में स्मॉर्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए उपभोक्ताओं ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर आवेदन देते हुए कहा है कि स्मॉर्ट मीटर को लेकर विसंगतियां सामने आ रही है, भारी भरकम राशि के बिल आ रहे है, स्मॉर्ट मीटर नहीं लगाए जाये. पूर्व के लगे मीटर ही यथावत रखे जाये.

नगर के वार्ड नंबर 5 में स्मॉर्ट मीटर लगाए जाने पर उपभोक्ता एकत्रित होकर विद्युत कार्यालय पहुंचे तथा कहा कि यहां अधिकांशत मध्यम वर्गीय उपभोक्ता निवास करते है, वह स्मार्ट मीटर के भारी भरकम बिल का भार नहीं उठा सकेंगे. आवेदन देते हुए हवाला दिया गया है कि पुराने बिजली उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है. उपभोक्ता की इच्छा पर है कि वह स्मार्ट मीटर लगवाए या नहीं. वह चाहे तो स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को मना कर सकते है.

बिना मकान मालिक की अनुमति के लगा रहे मीटर- स्मार्ट मीटर लगाने पर विरोध जताते हुए आज विद्युत मंडल पहुंचकर उपभोक्ताओं ने आवेदन दिया और विद्युत मंडल से अपील की है की स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाए जो पुराने मीटर है वही मीटर रहने दिए जाए. उपभोक्ताओं का कहना है कि ठेकेदार के कर्मचारी बिना मकान मालिक की अनुमति या उसे बताएं बगैर ही जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहा है जो कि गलत है. वार्ड वासी दुर्गा प्रसाद शर्मा, प्रेम जैसवाल, पप्पू दादा, आत्माराम पटेल, अवध नारायण चंद्रवंशी, महेंद्र कारपेंटर, संतोष विश्वकर्मा, सुनील, भारत सिंह, नंदकिशोर, ओमप्रकाश महेश्वरी आदि उपभोक्ता इस दौरान मौजूद रहे. साथ ही कहा गया है कि बावजूद इसके जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे तो इसके विरोध में आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा.

भावांतर योजना में किया 22 क्विंटल सोयाबीन विक्रय

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. राजगढ़ जिले के जीरापुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सालरी निवासी किसान भोजराज गुर्जर ने शासन की भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत कुल 22 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया. साथ ही 22 क्विंटल सोयाबीन विक्रय में 22,658 रुपये की भावांतर राशि प्राप्त हुई है.

भावांतर योजना को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए किसान भोजराज गुर्जर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई भावांतर भुगतान योजना के माध्यम से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है.

जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है. भोजराज गुर्जर ने योजना से मिली राशि पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद/आभार व्यक्त किया तथा कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों के हित में प्रभावी योजनाएं संचालित की जा रही हैं.

चावल की कालाबाजारी में नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रदाय होने वाले अवैध कालाबाजारी के संबंध में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया हैं. इसी के अंतर्गत 08 अक्टूबर 2025 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्यावरा द्वारा 17 जुलाई 2025 को सुठालिया रोड कोलहू भैरू मंदिर के पास ब्यावरा के गोदाम सतीश साहू पिता दुलीचंद साहू खरची दुकानदार निवासी की दुकान से चावल की 21 बोरियों वजन 11.61 क्विंटल के स्टॉक जप्त की गई. सतीश साहू को कारण बताओ नोटिस जारी करते 22 दिसम्बर सायं 3 बजे तक उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए.

मीनागांव में 15 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 08 दिसम्बर, सं. समीपस्थ ग्राम मीणागांव में रविवार को 15 लख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया. कार्यक्रम स्थानीय देवनारायण मंदिर परिसर में विधायक हजारीलाल दांगी और मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक, रामप्रताप दांगी जनपद सदस्य राधेश्याम दांगी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ. ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू धाकड़ ने बताया कि इन कार्यों में मुख्य रूप से सामुदायिक भवन, सीसी नाली शमशान में सीसी निर्माण शामिल है. 15 लाख रुपए की लागत से यह कार्य पूर्ण होगा इस अवसर पर अमित झंझावात, राधेश्याम भामी, निर्मल कुमार गुप्ता, रामगोपाल दांगी, गोकुल प्रसाद धाकड़, मांगीलाल दांगी, पटेल लक्ष्मी नारायण, राम प्रताप दांगी, बद्री लाल दांगी और सभी ग्रामवासी नागरिक उपस्थित रहे.

इनडोर गेम्स की सुविधाओं से लैस होगा राजगढ़ ऑफिसर क्लब

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की उपस्थिति में ऑफिसर क्लब राजगढ़ के निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान सिविल वर्क, परिसर की फेंसिंग, जाली कार्य, लाइटिंग फिटिंग, बाथरूम फिटिंग, वाटर सप्लाई व्यवस्था तथा पेंट कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई. अधिकारियों द्वारा कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए.साथ ही प्रस्तावित इनडोर गेम्स सुविधाएँ जैसे बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस, कैरम व शतरंज की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई. क्लब परिसर में कैन्टीन सेवा की तैयारी एवं संचालन व्यवस्था की भी समीक्षा की गई. निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए.

जवाहर नवोदय परीक्षा 13 को

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी द्वारा बताया गया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी में सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं के रिक्त स्थानों हेतु आयोजित परीक्षा के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है. परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी.

आज एक घंटे गुल रहेगी बिजली

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 दिसम्बर, का. आरडीएसएस योजनांजतर्गत आज मुल्तानपुरा फीडर के तहत कार्य होना है. जिसके चलते एक घंटे मुल्तानपुरा फीडर के तहत आने वाले क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: 11 से दोपहर 12 बजे तक मुल्तानपुरा, कर्मचारी कॉलोनी आदि जगह पर बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

हाईवे से लगी गांव की सड़क से हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एनएच 12 से ग्राम मूडला, खाजला से अमृतपुरा में मार्ग पर सड़क निर्माण एवं आवागमन को सुचारू बनाए रखने हेतु अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. उक्त कार्यवाही प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई. साथ ही मार्ग पर किए गए अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाया गया. कार्यवाही के दौरान सड़क की सीमा में बनाए गए अस्थायी निर्माण एवं अवरोध हटाए गए, जिससे सड़क चौड़ीकरण और आवागमन में सुविधा सुनिश्चित हो सके.

नेत्र शिविर 10 को

ब्यावरा 08 दिसम्बर, का. पूर्व की तरह इस बार भी माह के दूसरे बुधवार 10 दिसम्बर को स्थानीय श्री अंजनीलाल मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा. नि:शुल्क नेत्र शिविर श्री अंजनी लाल मंदिर धाम पर होगा. श्री सदगुरू सेवा संघ आंनदपुर द्वारा नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा. नेत्र शिविर में आंखों का नि:शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन किए जाएंगे. शिविर प्रात: 11 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा. नेत्र रोगी अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी अवश्य लेकर आये तभी पंजीयन होगा.

डिजिटल इण्डिया, स्वदेशी व्यापार बढ़ाने पर जोर

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष की व्यापारियों के साथ चर्चा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 दिसम्बर, का. कन्फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतीया का दो दिवसीय ब्यावरा प्रवास हुआ. इस अवसर पर वल्लभा परिसर में विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं वरिष्ठ व्यवसायियों के साथ परिचर्चा की. व्यापारियों द्वारा उनका पगड़ी दुपट्टा व पुष्पहारो से स्वागत किया. उन्होंने बताया कि कैट भारत के व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख राष्ट्रीय संगठन है जिसका लक्ष्य व्यापारी समुदाय को सशक्त बनाना और व्यापार अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देना है कैट से 40 हजार से ज्यादा व्यापारिक संगठन जुड़े हुए हैं यह डिजिटल इंडिया व स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम करता है. व्यापारियों ने उनसे व्यापार संबंधी परेशानियों को भी साझा किया जिस पर उनसे मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ श्री भारतीय जी ने अपने संबोधन में व्यापार जगत से जुड़ी चुनौतियों एवं अवसर नवाचार स्वदेशी वोकल फॉर लोकल आदि विषयों पर प्रभावशाली व्यक्तव दिया. श्री भारतीय जी ने वरिष्ठ समाजसेवी कैट के सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता टाटा वाले, राहुल सलूजा को जिला विकास समिति राजगढ़ एवं विनोद नागर को रोगी कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत होने पर हर्ष व्यक्त किया. इस अवसर पर कैट जिलाध्यक्ष रमेश जैन, विष्णु अग्रवाल, कृष्णवल्लभ गुप्ता, देवेंद्र शर्मा, चिराग मोदानी, रवि अग्रवाल, पुरुषोत्तम गुप्ता, सुरजीत भाई, हुजैफा, मुराद, हेमंत जजावरा, आशीष गुप्ता, नंद किशोर मंगल, मोहन अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे.

कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पर खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना

सीएम हेल्पलाईन में लापरवाही पर नपा जलसंसाधन विभाग

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, शिकायतों के निवारण, ई-ऑफिस उपयोग, ई-केवायसी, समय सीमा की शिकायतों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में विभागों को स्पष्ट व समयबद्ध कार्य करने हेतु निर्देश भी दिए गए. बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन में जल संसाधन विभाग के कमजोर प्रदर्शन पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. ग्राम पिपलिया कलां, खिलचीपुर के श्री जमुना प्रसाद सेन की शिकायत लंबित रहने पर जल निगम विभाग को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के अधिकारी द्वारा विवाह प्रमाण पत्र उपलब्ध न कराने पर सचिव, ग्राम पंचायत भ्याना को निलंबित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही जिला योजना अधिकारी तथा अपीलिय अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिए गए.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर बॉटम 5 अधिकारियों पर जुर्माना लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए. साथ ही जो कर्मचारी, विशेषकर सीएचओ, ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करेंगे, उनका वेतन रोका जाए. संविदा कर्मियों का वेतन समय पर जारी हो, इसके लिए सभी डीडीओ को आवश्यक जानकारी समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए. सभी विभागों को अपने रिक्त पदों की जानकारी क्लास-3 स्थापना कक्ष में तत्काल उपलब्ध कराने एवं माइक्रो ड्रिप इरिगेशन को प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए गए. बैठक में पशुपालको को बीमा क्लेम नहीं मिलने व एग्रीकल्चर इंशेरेन्स कंपनी द्वारा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बीमा कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराई जाने के निर्देश दिए गए.

बैठक में पेंशनरों की ई-केवायसी, समग्र ई- केवायसी तथा ई-ऑफिस में लंबित फाइलों के निस्तारण की समीक्षा की गई. साथ ही ई-ऑफिस के उपयोग में रुचि बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए. कलेक्टर ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों को अगले 15 दिनों में प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए. सभी विभागों को नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए. विशेषत खनिज, आत्मा, वन, सड़क सुरक्षा, अनुसूचित जनजाति विभाग आदि को अपनी समीक्षा व्यवस्थित रूप से करने हेतु कहा गया. पंचायत निधियों का उपयोग कर श्मशान घाटों के सुधार हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए. तहसीलदार सुठालिया को पीएमजीएसवाय योजना अंतर्गत शीघ्र भूमि चयन करने के निर्देश दिए गए. लोक निर्माण विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे झाड़ियों की सफाई तत्काल करवाने के निर्देश दिए गए, जिससे मार्ग सुरक्षा एवं दृश्यता बेहतर हो सके. कलेक्टर ने सड़क पर रहने वाले श्वानों की नसबंदी का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश सभी पशु के लिए सर्जन और पशु चिकित्सक विभाग सुनिश्चित करेंगे एवं नगर पालिका द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगी.